'A' Grade by NAAC

IQAC

Vikram University, Ujjain

बैठक कार्यविवरण

विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के IQAC कक्ष में दिनांक 10.02.2022 को पूर्वान्ह 11.30 बजे माननीय प्रभारी कुलपतिजी प्रों. एच.पी. सिंह की अध्यक्षता में NAAC बैगलूरू एवं DAVV इंदौर से पधारे प्रोफेसर एवं विक्रम विश्वविद्यालय के IQAC समिति के सदस्यों के बीच बैठक आयोजित की गई।

आयोजित बैठक में सर्वप्रथम IQAC निदेशक प्रों. पी.के. वर्मा द्वारा NAAC कार्यालय बैगलूरू से पधारी अतिथि प्रों. रमा कुण्डापल्ली एवं DAVV इंदौर से पधारी अतिथि प्रोफेसर तमन्ना नरसिंधाजी का स्वागत कर सभी सदस्यों से अतिथियों का परिचय कराया।

स्वागत एंवं परिचय पश्चात प्रों. वर्मा द्वारा विक्रम विश्वविद्यालय में NAAC संबंधी कार्य एवं तैयारियों के संबंध में विस्तृत रूप से बताया।

तत्पश्चात NAAC ग्रेडिंग में विश्वविद्यालय को उच्चतम ग्रेड कैसे प्राप्त की जा सके इसके मार्गदर्शन हेतु NAAC कार्यालय बैगलूरू से पधारी अतिथि प्रों. रमा कुण्डापल्ली से निवेदन किया कि वे IQAC समिति के सभी सदस्यों कों अपना मार्गदर्शन प्रदान करें जिससे हम उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने हेतु अपनी तैयारिया और अच्छी तरह से कर सके।

निवेदन पश्चात प्रों. रमा कुंडापल्ली द्वारा NAAC तैयारियों एवं अधिक से अधिक अंक हर क्षैत्र में कैसे प्राप्त कियें जा सके, इस संबंध में विस्तृत रूप से सभी सदस्यों को जानकारी प्रदान की एवं उक्त कार्य में आने वाली समस्याओं का समाधान कैसे किया जाय इससे भी अवगत कराया गया। समिति सदस्यों को को उक्त कार्य में क्या समस्या आ रहीं है इस संबंध में सदस्यों से पुछकर उसका समाधान कैसे हो सकता है इसका उपाय/मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

बैठक में उपस्थित DAVV इंदौर से पधारी अतिथि प्रोफेसर तमन्ना नरसिंधाजी ने भी अपने अनुभवों को सभी सदस्यों से साझा किया।

बैठक के अन्त में NAAC नोडल अधिकारी प्रों. उमा शर्मा द्वारा उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

निदेशक

11/02/2022